(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..................................

(ii) Questions : 9 **Sub. Code : 0 1 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 2**

**B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester**

**1048**

# HINDI

**Paper–Elective**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :—

(i) जोगिया से प्रीत किया दुख होइ।।
प्रीति किया सुख ना मोरी सजनी, जोगी मित न कोई।
राति दिवस कल नाहिं परत है, तुम मिलियां बिन मोइ।।
ऐसी सुरत या जग माही फेरि न देखी सोइ।
मीरा के प्रभु कबरे मिलोगे, मिलियां आणंद होइ।।

(ii) मैं गोविन्द गुण गाणा।
राजा रुठे नगरी राखे, हरि रुठ्या कहै जाणा
राणै भेज्या जहर पियाला, इमिरत करि पी जाणा।
डबिया में भेज्या ज भुजंगम, सालिगराम करि जाणा।
मीरा तो अब प्रेम दिवाणी, सांवलिया वर पाणा।

(iii) मेरे जाति-पाति न चहौं काहू की जाति-पाति,
मेरे कोऊ काम को न हौं, काहू के काम को।।
लोकु परलोकु रघुनाथ ही के हाथ सब,
भारी है भरोसो तुलसी के एक नाम को।।
अति ही अयाने उपखानो नहिं बूझे लोग,
साह ही को गोतु गोतु होत है गुलाम को।।
साधु कै असाधु कै भलो के पोच सोचु कहा,
का काहू के द्वार परौ, जो हौं सौ हौं राम को।।

(iv) साई एकै गिरि धरयो गिरिधर गिरिधर होय।
हनूमान बहु गिरि धरयौ, गिरिधर कहै न कोय।
गिरिधर कहै न कोय, हनू द्रोनागिरी लायो।
ताको कनुका टूटि परयौ, सो कृष्न उठायो।।
कह गिरिधर कविराय, बड़न की बड़ी बड़ाई।
थोरे ही जस होय, जसी पुरुषन की साईं। 5+5=10

(ख) तुलसीदास का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

गिरिधर कविराय का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए। 6

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दें :—

(i) 'झांसी की रानी' उपन्यास के नामकरण को स्पष्ट करें।

(ii) 'झांसी की रानी' उपन्यास की ऐतिहासिकता को स्पष्ट करें।

(iii) 'झांसी की रानी' उपन्यास के आधार पर लक्ष्मीबाई का चरित्र स्पष्ट करें।

(iv) 'झांसी की रानी' उपन्यास की कथावस्तु को स्पष्ट करें।

8+8=16

3. भक्तिकाल की परिस्थितियाँ स्पष्ट करें।

**अथवा**

कृष्ण काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालें। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए :—

(i) मीरा हिन्दी-साहित्य के किस काल की कवयित्री थी ?

(ii) मीरा के पदों की रचना किन-किन भाषाओं में प्राप्त होती है ?

(iii) तुलसीदास की दो प्रसिद्ध रचनाओं के नाम लिखें।

(iv) तुलसीदास ने अपनी जाति-पाति के विषय में क्या कहा था ?

(v) गिरिधर कविराय की कुंडलियों का मुख्य आधार क्या है ?

(vi) गिरिधर कविराय किस धारा के कवि थे ?

(vii) 'झांसी की रानी' उपन्यास के लेखक का नाम लिखें।

(viii) मनू किसकी पुत्री थी ?

(ix) राजा गंगाधर राव ने किसे देश निकाल दिया था ?

(x) कितने वर्ष की आयु में लक्ष्मीबाई के पुत्र हुआ था ?

(xi) रानी लक्ष्मीबाई के लिए जासूसी का कार्य कौन करता था ?

(xii) अष्टछाप के दो कवियों के नाम लिखें।

(xiii) जायसी के प्रसिद्ध ग्रंथ का नाम लिखें।

(xiv) 'बीजक' किस रचनाकार की रचना है ?

(xv) सूरदास की प्रमुख रचना कौनसी है ? 1×10=10

5. विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई उपन्यास की परिभाषायें स्पष्ट करें।

**अथवा**

उपन्यास के वर्गीकरण पर अपने विचार प्रस्तुत करें। 7

6. किन्हीं **पाँच** मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनायें :—

अगर मगर करना, कठपुतली होना, चादर देखकर पाँव पसारना, हवा लगना, आ बैल मुझे मार, ऊंची दुकान फीका पकवान, साँप मरे ना लाठी टूटे। 10

7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखें :—

जीवन में शिक्षा का महत्त्व ; विश्व युद्धः एक गम्भीर समस्या; मोबाईल : वरदान या अभिशाप। 10

8. अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर 'अनुशासन के महत्व' पर प्रकाश डालें।

**अथवा**

नगरपालिका के प्रधान को पत्र लिखकर पीने के जल के अभाव को दूर करने की प्रार्थना की गई हो। 8

9. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए :—

(i) Medical

(ii) No objection

(iii) Officer

(iv) Pay

(v) Reference

(vi) Tour

(vii) Verification

(viii) Warning. 5